लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी शिवांगी स्वर्णकार, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 62 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 24.07.2019

श्री कैलाश चन्द्र पिता गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम—2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 02.08.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 21.05.19 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 62 / 2019 / (02.08) / 301 दिनांक 24.07.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर को दिनांक 02.08.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 02.08.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.08.2019 प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा आदिनांक तक कोई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराई है। अतः वांछित सूचनाऐं निः शुल्क उपलब्ध करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 62 / 2019 (सू.अ.)
श्री कैलाश चन्द्र डाड निवासी मण्डफिया बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर ने अपने पत्र क्रमांक / सू.का.अधि. / 2019 / 438 दिनांक 01.08.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 436 दिनांक 29.07.2019 से डाक द्वारा निः शुल्क प्रेषित की जा चुकी है जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा अपने पत्रांक / सू.का.अ. / 2019 / 438 दिनांक 01.08. 2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा अपने पत्रांक / सू.का.अ. / 436 दिनांक 29.07.2019 से ड़ाक से उपलब्ध कराई जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी ने आदिनांक तक उसे कोई सूचना नहीं मिलना अवगत कराया है। अतः अपील आंशिक स्वीकार कर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर को निर्देशित किया जाता है की वह अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना की एक प्रति निः शुल्क उपल्बध करा देवें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 62 / 2019(सू.अ.) / 330 दिनांकः— 05 / 08 / 2019
प्रतिलिपिः—

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर
2. श्री कैलाश चन्द्र पिता गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)